हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 22 जून 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

15 बस स्टैंड के व्यापारी जर्जर भवन व राखड़, धूल मिट्टी से...


16 योग से मिलती है शांति, इसे जीवन शैली में करें शामिल...











### पानी की कमी से खेती किसानी हुई सुस्त, बीज के खराब होने का खतरा

# दगाबाज मानसून, बिजली विभाग से भी भरोसा उठा

**केस 1**

ग्राम भानपुरी के किसान विद्युत व्यवस्था से परेशान हैं। उनके पंपों के लिए लगा ट्रांसफार्मर खराब हो गया है जिसे बदलने के लिए वे कई बार आवेदन कर चुके हैं, लेकिन इस ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया है, जिसके चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**केस 2**

डुबान क्षेत्र के ग्राम बोकराबेड़ा के कई किसान लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इनके खेतों से ट्रांसफार्मर की दूरी डेढ़ किमी है। किसानों ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण मोटरपंप ढंग से नहीं चलते हैं, जिसके चलते खेती करने में परेशानी हो रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानूसन सक्रिय होने के बाद बारिश तो जैसे गायब ही हो गई है। जब किसानों को जरूरत नहीं थी, तब जमकर बारिश हुई। अब किसानों ने खेती शुरू कर दी है और बारिश का अता-पता नहीं है। उधर विद्युत विभाग की अनदेखी भी किसानों पर भारी पड़ रही है। लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज से किसान परेशान हो चुके हैं। कई किसान तो अब तक खेतों में पानी नहीं पला पाए हैं।

मानसून के सक्रिय होने से पहले ही किसानों ने खरीफ सीजन की तैयारी शुरू कर दी थी। मानसून से पहले जिस प्रकार बारिश हो रही थी, उससे उम्मीद थी कि इस साल भरपूर बारिश होगी। मौसम विभाग ने भी इस साल औसत से ज्यादा बारिश की संभावना व्यक्त की है। लेकिन मानसून आने के बाद स्थिति खेती किसानी के विपरीत नजर आ रही है। अंचल में पिछले कई दिनों से बारिश ही नहीं हुई है। जो किसान बोनी कर चुके हैं, उन्हें बीज खराब होने का डर सता रहा है। किसानों ने बताया कि समय पर बारिश नहीं होती है तो खेतों में बीज खराब हो जाएंगे। वहीं लाइचोपी और रोपा पद्धित से खेती करने वाले किसान भी खेतों की जुताई मताई के लिए बेसब्री से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसानों के खेतों में लगे मोटरपंप भी बिजली समस्या के चलते ढंग से चल नहीं पा रहे हैं। कहीं पर कटौती से किसान परेशान हैं तो कहीं पर लो वोल्टेज की समस्या से।



### मोटरपंपों से नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

मोटरपंप वाले किसान खेती के लिए बिजली पर निर्भर हैं, लेकिन विद्युत व्यवस्था में कमजोरी के चलते उन्हें मोटरपंपों से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। ग्राम भानपुरी के किसान कुंवरसिंग साहू, योगेश्वर, जयराम साहू, आशीष यादव, नवीन कुमार ने बताया कि जिस ट्रांसफार्मर से उनके मोटरपंपों पर सप्लाई आती है, वह ट्रांसफार्मर एक माह से खराब है। इससे करीब 25 किसानों का मोटरपंप बंद पड़ गया है। बोकराबेड़ा के किसानों ने बताया कि उनके लिए 100 के.व्ही. का ट्रांसफार्मर बोकराबेड़ा पुल के पास लग जाता है तो आसपास के कई किसानों को इसका लाभ होगा। अभी ट्रांसफार्मर दूर होने के कारण लो वोल्टेज से वे परेशान हैं।

### अघोषित कटौती से बढ़ी किसानों की परेशानी

लगातार बिजली कटौती भी किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। मोटरपंप कनेक्शन में शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बिजली घोषित रूप से बंद रहती है। इस समय के अतिरिक्त भी कटौती की जा रही है। अघोषित कटौती का कोई समय नहीं है। कभी सुबह, तो कभी दोपहर या शाम को कटौती की जा रही है। कई बार तो दिन में दो से तीन बार लाइन काट दी जाती है। मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद कर दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्य संघ की बैठक आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ ब्लाक धमतरी की बैठक 22 जून रविवार को सुबह 11 बजे रत्नाबांधा ग्राम पंचायत भवन में रखी गई है। इस दौरान संघ के विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी। भृत्यों से उपस्थिति की अपील ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सचिव पीताम्बर निर्मलकर, कोषाध्यक्ष तेजपाल साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने की है।

### कोसरिया यादव समाज की बैठक आज

**धमतरी।** जिला कोसरिया यादव समाज की बैठक 22 जून रविवार को यादव सामाजिक भवन आमातालाब धमतरी में 12 बजे रखी गई है। इस बैठक में नवनियुक्तजिला महिला प्रकोष्ठ एवं नवनियुक्त युवा प्रकोष्ठ का विस्तार एवं शपथ ग्रहण, 3 वर्ष में जितने निराकरण हुए उस पर विचार एवं सलाह, राशि वसूली, जिला अध्यक्ष के बिना अनुमति के वार्षिक अधिवेशन एवं सामाजिक निराकरण के संबंध में चर्चा, जिले के पदाधिकारी को काम सौंपने, श्रीमद् भगवत गीता का प्रचार प्रसार करने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकरी रामेश्वर यादव जिला सचिव ने दी।

# कार्रवाई से परेशान ट्रैक्टर संचालकों ने किया चार घंटे तक चक्काजाम





- नहीं निकला कोई रास्ता, जारी रहेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लगातार कार्रवाई से परेशान ट्रैक्टर संचालकों ने कोलियारी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान अवैध रूप से रेत ले जा रहे कई हाइवा को भी उन्होंने रोका। ट्रैक्टर यूनियन संघ के सदस्यों ने बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी ,आंदोलन जारी रहेगा।

एनजीटी के नियम के तहत 10 जून से सभी वैध-अवैध खदानों को कड़ाई से बंद कर दिया है। ट्रैक्टरों से उत्खनन चल रहा था, जिस पर प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि अब तक बारिश के समय भी ट्रैक्टरों से उत्खनन होता आ रहा था। थोड़ी बहुत कार्रवाई होती थी, जिसे ट्रैक्टर संचालक झेल लेते थे लेकिन इस बार ट्रैक्टरों को ▶▶ शेष पेज 15 पर

### अवैध पर कार्रवाई नहीं

चक्काजाम के दौरान ट्रैक्टर संचालकों ने करीब 6 हाइवा रोका था, जिसमें रेत भरी हुई थी। ड्राइवर के पास कोई पिटपास नहीं था। अवैध रेत पकड़कर ट्रैक्टर संचालकों ने खनिज अधिकारी को कई बार मोबाइल कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। यूनियन के सदस्यों ने बताया कि मौके पर खनिज अधिकारी को आना था, लेकिन वे सामने आने से डर रहे हैं। धमतरी से अभी भी अवैध रेत की निकासी हो रही है, लेकिन खनिज विभाग सिर्फ ट्रैक्टरों को निशाना बना रहा है।

### हम नहीं खोदते नदी

यूनियन के सदस्यों ने बताया कि रेत खुदाई तो मशीन से होती है। मशीन से नदी को अंधाधुंध गहरा किया जाता है। कायदे से कड़े नियम उनके लिए होने चाहिए। ट्रैक्टरों से तो रेत का परिवहन होता है। यहां पर मजदूर नदी की रेत को खोदते नहीं है, बल्कि रापा और धमेला से ट्रैक्टरों में लोड करते हैं। इससे नदी को कोई क्षति नहीं पहुंचती है और न ही जल प्रवाह का रास्ता प्रभावित होता है। इसके बाद भी नियम का हवाला देकर ट्रैक्टर संचालकों को परेशान किया जा रहा है। केवल ट्रैक्टर संचालक ही नहीं, करीब 3 हजार से ज्यादा मजदूर और ड्राइवर भी परेशान हैं।




### निजी अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई

# गर्भस्थ शिशु को मृत बताकर किया रेफर, जीवित पैदा हुआ बच्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


प्रसव के लिए निजी अस्पताल पहुंची महिला के शिशु को मृत बताकर डाक्टर ने रिफर कर दिया। वहीं दूसरे अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी में बच्चा जीवित पैदा हुआ। जच्चा-बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं।

शहर के एक बड़े व विख्यात निजी अस्पताल में प्रसव के केस में घोर लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। चारामा ब्लाक के ग्राम शौरीगांव निवासी भोजराम सिन्हा ने बताया कि उसकी बेटी भारती सिन्हा की बीते वर्ष शादी हुई है। शादी के बाद भारती अपने ससुराल ग्राम सिरसिदा थाना चारामा चली गई। शादी के बाद भारती पति सागर गर्भवती हुई। यह उसकी पहली संतान है। गर्भकाल पूरा होने के बाद गुरुवार को प्रसव पीड़ा शुरु हो गई। उसे डिलीवरी के लिए चारामा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गर्भ में बच्चे के उल्टा हो जाने के कारण केस क्रिटिकल हो जाने पर डाक्टर ने उसे धमतरी रिफर कर दिया। शाम को गर्भवती महिला को चारामा से धमतरी लाकर प्रसव के लिए शहर स्थित एक बड़े निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों से भर्ती के दौरान 17 हजार रूपए जमा कराया गया। डाक्टर ने केस को देख गर्भवती महिला की सोनोग्राफी कराई। रिपोर्ट मिलने पर बच्चे की धड़कन बंद कहकर डाक्टर ने शिशु को गर्भ में ही मृत होना बताया। इस दौरान प्रसव की प्रक्रिया शुरु हो गई थी। बच्चे का पैर बाहर निकलकर अटक गया था। बच्चे को बाहर निकालने के लिए कहने पर उक्त डाक्टर ने उसे रायपुर रेफर कर दिया। डाक्टर की बात सुनकर सभी सकते में आ गए। परिवार ने आपस में चर्चा कर निर्णय लिया कि महिला को रायपुर नहीं ले जाएंगे। महिला को तत्काल अपने वाहन से शहर के एक अन्य निजी अस्पताल में ले जाया गया। यहां तत्काल आपरेशन कर डिलीवरी कराई गई। महिला ने एक जीवित व स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। वर्तमान में जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।



भोजराम ने कहा कि डाक्टर ने इस तरह के क्रिटिकल प्रसव केस में घोर लापरवाही की है। अगर डाक्टर की बात मानकर महिला को रायपुर ले जाते तो वहां पहुंचते तक गर्भ में जीवित शिशु की मौत जरूर हो जाती। परिजनों ने इस तरह की लापरवाही करने वाले डाक्टर व अस्पताल के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है।

## खबर संक्षेप



### ट्रांसफॉर्मर खराब, आवेदन देने पर भी नहीं सुधरा

**अंवरी।** ग्राम पचपेड़ी के भर्रीखार स्थित 100 केवी का ट्रांसफॉर्मर पिछले 15 दिनों से खराब है। किसानों ने सुधार के लिए कई बार आवेदन किया लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 5 से 10 किसान थरहा नहीं डाल पाए हैं, किसान काफी चिंतित हैं। अगर समय पर ट्रांसफार्मर नहीं लगता है तो किसान आंदोलन जैसे ठोस कदम उठाने मजबूर होंगे। किसान नारदराम साहू, महेशराम साहू, गणेश गजपाल, रामेश्वर, भिखारीराम साहू, कामताराम साहू, प्रीतकुमार, रमेश पटेल, शालिकराम, नोहरराम ने समस्या के समाधान की मांग की है।

योग दिवस पर कर्णेश्वर मंदिर परिसर में उमड़ा उत्साह, जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

# योग से निरोग रहेगा भारत, हर नागरिक को जीवन में योग को अपनाना चाहिए : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को विकासखंड स्तरीय योग कार्यक्रम कर्णेश्वर शिव मंदिर परिसर देऊरपारा (सिहावा) में उत्साह और अनुशासन के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

योगाभ्यास का संचालन अनुभवी योगाचार्य राजेश तिवारी द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटि चालन, घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शशकासन, नाड़ी शोधन प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक पहचान दिलाई है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि प्रतिदिन योग को अपनाकर स्वयं भी निरोग रहें और समाज को भी प्रेरित करें।

कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, जपं अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष ह्रदय साहू, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, कर्णेश्वर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, भाजपा महामंत्री रूपेंद्र साहू, कमल डागा, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, सरपंच शारदा ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम, शंकर देव, राजा पवार, देवचरण ध्रुव सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासनिक अमले से तहसीलदार तेजपाल सिंह, सीईओ बोरझा, वन विभाग एसडीओ जितेंद्र साहू, बीईओ केआर साहू, बीआरसी प्रकाश साहू, डॉ. एनके नेताम, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमेन्द्र साहू, गिरिश सोनी, आयुष झा, टिकेश नेताम, मुकेश साहू, भोला साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी भागीदारी निभाई।

# योग अनुशासन की एक सकारात्मक पद्धति : संजय

■ गट्टासिल्ली में योग दिवस पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष के आयोजन की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग रही।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली के जनप्रतिनिधि, आयुष चिकित्सालय गट्टासिल्ली, शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला गट्टासिल्ली तथा आदिवासी बालक छात्रावास के छात्र एवं स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता दी। कार्यक्रम में योगाभ्यास सत्र का संचालन अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। उन्होंने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन, भ्रामरी सहित अन्य योग मुद्राओं का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय मरकाम भाजपा मंडल अध्यक्ष ने योग के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, अनुशासन और जीवन की एक सकारात्मक दृष्टि देने वाली पद्धति है। यदि हम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के विचार को अपनाना चाहते हैं, तो योग ही इसका सशक्त माध्यम है। सरपंच रामकुमार सामरथ ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर इस प्रकार का आयोजन नई पीढ़ी को योग के प्रति जागरूक करता है। हमें इस परंपरा को निरंतर बनाए रखना चाहिए।

इस अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें आयुष चिकित्सकों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और योग तथा आयुर्वेद आधारित जीवनशैली अपनाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में अधीक्षक मोहित सोनकर, शिक्षक उत्तम मंडावी, मानिकलाल ध्रुव, केआर साहू, आरके नवरत्न, पन्नालाल मरकाम, जितेंद्र नेताम, सरोज नेताम, कैलाश यादव, यशवंत, वासु, अनिल, जीवन, अघन, देवकुमार, सगाराम, बलीराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाठागांव सोसाइटी में योग दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वृहत्ताकार कृषि साख सहकारी समिति भाठागांव में योग प्रशिक्षक भूषणलाल साहू के मार्गदर्शन में योग कार्यक्रम हुआ। संस्था के प्राधिकृत अधिकारी आदर्श चन्द्राकर, श्रीमती पुष्पलता साहू सरपंच, नरसिंग साहू, हिमांशु साहू जनपद सदस्य, प्रीतम साहू उपसरपंच, इंद्रमण साहू, लिखन साहू, ठाकुरराम साहू, जन्मेजय ध्रुव, रामनारायण साहू, जीवन साहू पंच, शशि साहू पंच, सतीश साहू, सुभाष कादर, राजेन्द्र चन्द्राकर, मोरजध्वज साहू, सोमप्रकाश साहू, नरहर ध्रुव, चुम्मन साहू, अक्तूराम ध्रुव, मानिकराम साहू, विशुन साहू, प्रहलाद कंवर, गुरुनारायण पाठक समिति प्रबंधक, खिलेन्द्र साहू सहायक समिति प्रबंधक, सूरज साहू लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर, नामदेव चन्द्राकर लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर, तेजेन्द्र चन्द्राकर धरमकांटा ऑपरेटर, सेल्समेन हीराराम साहू, तिलक साहू, डुगेश साहू, गणेश निर्मलकर, नीरज साहू, नारायण निर्मलकर, यादराम साहू, होमशिखा साहू सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रेलवे ठेकेदार ने जमा नहीं की रॉयल्टी की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



■ जनपद सदस्य ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से की शिकायत

रेलवे ठेकेदार सुभाष अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत कुल्हाड़ी के तालाबों से मिट्टी, मुरुम खुदाई कर रॉयल्टी का पैसा जमा नहीं किये जाने की शिकायत जनपद सदस्य लिली श्रीवास ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

सुश्री श्रीवास ने बताया कि धमतरी से केन्द्री छोटी रेललाइन में मिट्टी, मुरुम डालने के लिए रेलवे ठेकेदार सुभाष अग्रवाल ने 8 मार्च 2022 को ग्राम पंचायत कुल्हाड़ी से जितना घनमीटर खुदाई होगी उतने की रॉयल्टी जमा करने की बात कहकर पंचायत प्रस्ताव पास करवाया था। किंतु उनके द्वारा खनिज विभाग से 4000 घनमीटर का आदेश लेकर 10,000 घनमीटर की खुदाई की गई है, जिसकी पूर्व में शिकायत कर जांच करवाई गई है। किंतु अब तक उक्त ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी जमा नहीं की गई है। उन्होंने शिकायत पत्र सौंपकर कलेक्टर से उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## डाकेश्वर का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय माध्यमिक शाला जुगदेही में अध्यनरत कक्षा आठवीं के छात्र डाकेश्वर साहू पिता रामचंद्र साहू का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। कक्षा आठवीं में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक उत्तम कुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती मंजु मंडावी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।



# योग एवं व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। एकेडमी के बच्चों को प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नगरी की बीके भावना ने मेडिटेशन करना, मन को स्थिर रखने तथा आत्मा को परमात्मा से मिलन होने के उपाय बताया। योग के तरीके एवं लाभ के बारे में जानकारी दी। एकेडमी के प्रबंधक इंदु पटेल ने योग एवं व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मन को शुद्ध रखने का एक ही उपाय है और वह है योगासन एवं मेडिटेशन। विद्यार्थी जीवन में तथा आज के बदलते परिवेश में मन की अस्थिरता, विचिलित मन से हम अपने आपको सार्थक लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। सफलता हासिल करने के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं अपितु मेडिटेशन भी अवश्यक है।

# नवागांव सरपंच ने संकल्प सभा में गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धि

■ परखंदा में आयोजित हुई भाजपा की संकल्प सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



ग्राम परखंदा में भाजपा द्वारा मंडल संकल्प सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी जनभागीदारी अध्यक्ष कुरूद कॉलेज टिकेश साहू सरपंच नवागांव ने बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की राह में ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने बताया कि उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने हर चुनौती का सामना करते हुए आगे बढ़ने का साहस दिखाया है। हमारे जवानों की वीरता से सीमाएं सुरक्षित हैं और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदीजी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मंत्र ने देश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष चैनसिंह साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि परखंदा मोहित साहू ने किया।

कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष चंपू निर्मलकर, लखन कश्यप, टेकराम साहू, वरिष्ठजन गिरेंद्र साहू, मुन्ना निषाद, मिलन निषाद, मोहन साहू, दीवान निषाद, नरोत्तम साहू, मुकेश साहू, झम्मनलाल, शत्रुघ्न, युवराज, पन्ना सोनकर सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम जनमन योजना ने बदली राजमिस्त्री की दशा और दिशा

# फुलेश्वर अब अपने परिवार के साथ पक्के मकान में चैन की नींद सो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना वरदान साबित हो रही है। इस योजना से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के कमार समुदाय के लोगों को मिल रहा है।

पीएम जनमन योजना के तहत नगरी के कल्लेमेटा के साथ चारगांव, भोथली, मेचका सहित के विभिन पंचायत के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय कमार वर्ग के हितग्राही जैसे फुलेश्वर के खुद के पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। फुलेश्वर ने आवास पूरा होने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ने उनकी दशा और दिशा बदल दी है। योजना के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की मंजूरी मिली। पंचायत स्तर पर दस्तावेजों की पूर्ति होने के साथ ही घर बनाने का काम शुरू किया गया। इसमें पहली किस्त के तौर पर 40 हजार रुपये मिलते ही उनका मकान बनने की उम्मीद पक्की होने लगी। दूसरी किस्त 60 हजार रूपये, तीसरी किस्त 80 हजार रूपये और चौथी किस्त 20 हजार रूपये की राशि मिलती गई और देखते ही देखते उनके सपनों का आशियाना पूरा होकर तैयार हो गया। फुलेश्वर ने बताया कि घर बनाने में कार्य करने पर मनरेगा के तहत उन्हें 90 दिनों की मजदूरी का भुगतान भी किया गया।

फुलेश्वर अपने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि वह एक राजमिस्त्री हैं। रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनका परिवार कच्चे झोपड़ीनुमा घर में निवास करता था। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकना, दीवारों में सीलन आना, साथ ही सर्दी के समय रात में ठण्ड के कारण नींद नहीं आती थी। अब पक्का मकान के बन जाने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं। अब वे अपने परिवार के साथ पक्के मकान में चैन की नींद सो रहे हैं। नए आवास में परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। श्री फुलेश्वर कमार ने बताया कि शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उनके परिवार को मिल रहा है।

## अंचल की खबरें

### योग को जीवन में अपनाएं : ज्योति



**अंवरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रति वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। भखारा भठेली नगर पंचायत में योग दिवस सेजेस शाला भखारा में संपन्न हुआ। भखारा भठेली के अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदों, प्राचार्य आरके गंजीर सहित शिक्षकों ने योग किया। योग प्रशिक्षिका दामिनी, डॉली यादव एवं चंद्रशेखर देवांगन ने योग सिखाया। अध्यक्ष ज्योति जैन ने योग को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। हरख जैन ने योग को आरोग्य का सरल रास्ता बताया। रामगोपाल देवांगन ने समाधान के लिए योग को अपनाने के सुझाव दिए। विष्णु साहू ने हर समस्या के समाधान में योग का महत्व बताया। ईश्वर साहू ने तन-मन से योग को अपनाने पर बल दिया। प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान ट्रेनर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोस्वामी ने किया।

■ भखारा में योग दिवस मनाया गया

### योग से ही शरीर स्वस्थ रहता है : खेमचंद



**जीजामगांव।** सशिमं चटौद में 11वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने आसन, प्राणायाम, योग, व्यायाम , सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमचंद साहू सरपंच चटौद, विशेष अतिथि दाऊ पेशनलाल साहू थे। अध्यक्षता रामगोपाल साहू प्रधानाचार्य चटौद ने की। अतिथि खेमचंद ने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ और सेहतमंद बनता है। योग व आसन हमारे ऋषि मुनियों द्वारा दिया गया अनमोल देन है। इसे हमें अपने जीवन की दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### रामपुर में शिक्षकों एवं छात्रों ने किया योग



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू ने शिक्षकों एवं बच्चों को योग, प्राणायाम, ध्यान, योगासन का अभ्यास कराया। योग कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रार्थना से हुआ। शान्तिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके बघेल समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### सिहावा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**नगरी।** शाउमावि सिहावा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सभापति जपं नगरी प्रेमलता नागवंशी उपस्थित हुईं। इस अवसर पर नएप्रवेशित छात्र-छात्राओं का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पुस्तकें भी दी गई। छात्रों को योग से जुड़े फ़ायदों के बारे में बताया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, लोकेश्वर पटेल, नल सेन, छत्तरपाल निषाद, जितेंद्रवीर नाग, हलधर शार्दुल, बीआरसी प्रकाश साहू, प्रभारी प्राचार्य सीताराम साहू सहित शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बोदलबाहरा स्कूल में हुआ शाला प्रवेश उत्सव



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला बोदलबाहरा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर गणवेश वितरण किया। इस अवसर पर लक्ष्मी ध्रुव, अहिमन ध्रुव, राधा कंवर, सविता ध्रुव, चन्द्रहास कमार, बसंती कमार, यशोदा ध्रुव, गैंदलाल देवदास, प्रधानपाठक चन्द्रहास सिन्हा एवं शिक्षक अनिल कुमार उपस्थित थे।

### 9वीं के छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**मगरलोड।** शाउमावि सरगी में कक्षा 9वीं के नवप्रवेशियों का तिलक लगाकर तथा पाठ्य पुस्तक वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष खूबलाल साहू, सरगी सरपंच हरिविनायक सिन्हा, सोनेवारा सरपंच हेमलता निषाद, विधायक प्रतिनिधि भानसिंह ध्रुव, शिक्षाविद इतवारीराम ध्रुव, इंद्रमण ध्रुव, टेकराम साहू, रितु साहू, कुंती साहू, भेखूराम साहू, नरेश लहरे, पंचूराम यादव, बनऊराम निषाद, डोमारसिंह यादव, संस्था प्राचार्य श्री कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी छात्र एवं ग्रामीणों की हत्या निंदनीय : खूबलाल



■ माओवादी मुख्यधारा में लौट आएं

धमतरी। भाजपा नेता खूबलाल ध्रुव ने कहा कि बीजापुर में संदिग्ध माओवादियों ने मंगलवार को एक छात्र सहित तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी एवं दर्जनभर ग्रामीणों को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए। हालांकि बुधवार को उन्हें रिहा कर दिया, लेकिन माओवादियों के इस कृत्य से ग्रामीणों में दहशत है। श्री ध्रुव ने कहा कि शांतिवार्ता और लोकतंत्र पर विश्वास करके माओवादी निर्दोषों की हत्या करना बंद करें। मुख्यधारा में लौट आएं। बंदूक के बल पर अत्याचार करना बंद करें। निर्दोषों की हत्या करना निदंनीय है, अपराध है। बस्तर में माओवादियों की मौत के लिए माओवादी ही जिम्मेदार हैं। उन्होंने मृत ग्रामीणों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सरकार ने 2026 तक माओवादियों का सफाया करने का बीड़ा उठाया है। इसके पहले वे मुख्यधारा में लौट आएं।

### छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 26 को

धमतरी। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 26 जून को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 11 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में आयोजित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छात्राएं प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 24 जून तक अधीक्षक, आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली के कार्यालय में जमा कर सकती हैं।

### रेनवाटर हार्वेस्टिंग निर्माण के लिए 16 लाख रुपये रिलीज

धमतरी। नगर निगम द्वारा वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) को प्रोत्साहित करने के लिए 515 भवन स्वामियों का सर्वे किया गया था। इन भवन स्वामियों द्वारा अमानत राशि फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) के रूप में जमा की गई थी। नगर निगम के मार्गदर्शन में अनेक भवन स्वामी ने अपने-अपने घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है। इन भवन स्वामी ने निर्माण पूर्ण होने के उपरांत रेनवाटर हार्वेस्टिंग के फोटोग्राफ तथा आवेदन पत्र निगम कार्यालय में प्रस्तुत किए। इसके बाद संबंधित क्षेत्र के उपयंत्री द्वारा स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिन घरों में निर्माण कार्य नियमानुसार पूर्ण पाया गया है, उनकी अमानत राशि को मुक्त (रिलीज) किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत कुल 16 लाख की राशि को भवन स्वामियों के लिए रिलीज किया गया है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता निभाएं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कार्रवाई से परेशान ट्रैक्टर संचालकों ने ...

भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इस कार्रवाई से हजारों ड्राइवर और मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया। स्थिति को देखते हुए ट्रैक्टर यूनियन संघ आंदोलन पर उतर आया है। कई आवाज उठाने के बाद भी जब ट्रैक्टरों को रियायत नहीं दी गई तो ट्रैक्टर यूनियन संघ ने शनिवार को कोलियारी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सुबह सात बजे से करीब 4 घंटे तक सड़क जाम रहा। चक्काजाम की खबर पाकर एसडीएम, तहसीलदार, डीएसपी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद भी कोई सार्थक हल नहीं निकला। लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए ट्रैक्टर यूनियन ने चक्काजाम समाप्त कर दिया, लेकिन उनका आंदोलन अभी भी जारी है। वे आगे धरना प्रदर्शन सहित अन्य प्रकार के आंदोलन करेंगे।

---

चालीस साल से दुकानों की रिपेयरिंग नहीं, अब स्वयं के खर्च पर भवन बनाने मांगी परमिशन

# बसस्टैंड के व्यापारी जर्जर भवन व राखड़, धूल मिट्टी से परेशान, बारिश में सांप का भय







■ दुकानों के सामने अवैध पार्किंग से दुकानदारों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के मध्य में स्थित बस स्टैंड लगभग 45 साल पुराना है। नेशनल हाईवे मार्ग में होने की वजह से यहां सैकड़ों यात्री बसों की आवाजाही होती है। बस स्टैंड में व्यापारियों के लिए दुकानें बनाई गई हैं। पिछले 40 साल से रिपेयरिंग नहीं होने की वजह से भवन काफी जर्जर हो गया है। रोड के हिस्से वाली 10 दुकानों को नया बनाया गया है, लेकिन पीछे के हिस्से शेष बची लगभग 15 से 20 दुकानों को छोड़ दिया गया है। भवन को नया बनाने के लिए व्यापारी पिछले 10 साल से जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

अब दुकानदार चाहते हैं कि शासन की तरफ से अगर उन्हें परमिशन मिल जाए तो वे स्वयं के खर्च से नई दुकान बना सकते हैं। इस बात की जानकारी जिला व निगम प्रशासन को दी गई है, लेकिन प्रशासन की ओर से सहमति नहीं मिली है। बसस्टैंड के व्यापारी बालमुकुंद साहू, राहुलकुमार, गुरुबख्स तनेजा, सातमसिंह, गुंजन जैन, लक्ष्मण साहू आदि ऐसे व्यापारी हैं जो पिछले 45 साल से व्यवसाय का संचालन कर निगम प्रशासन को दुकानों का किराया जमा कर रहे हैं। बस स्टैंड के सामने के हिस्से को नया बनाया गया, लेकिन पीछे के हिस्से की 15 से 20 दुकानों को जर्जर हालत में छोड़ दिया गया है। चार माह की बरसात में दुकानों के अंदर पानी भर जाता है। सांप, बिच्छू, जहरीले कीड़े मकोड़े दुकानों के अंदर घुस जाते हैं। नाली की गंदगी दुकानों में चली जाती है। मकान की दीवारें, छत काफी जर्जर हो चुकी है। खपरैल की छत होने से पानी टपकता है। कमजोर भवन होने के कारण कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। दुकान के काउंटर, रैक, आलमारी में चूहे पनप गए हैं। काउंटर को काटकर चूहे ने बिल बना लिए हैं। हजारों रूपए का सामान रोज नष्ट हो रहा है।

दुकानदार राइस मिलों के राखड़ से खासे परेशान है। दिन रात राखड़ हवा से उड़कर दुकानों एवं सामानों में चिपक जाती है। धूल, प्रदूषण, राखड़ से खाने पीने की चीजें प्रदूषित हो जाती हैं। यात्रियों के बैठने के लिए जगह नहीं होने से राहगीर दुकानों के सामने खड़े रहते हैं। सैकड़ों दोपहिया वाहनों की अघोषित पार्किंग बन गई है। दुकानदार चाहते हैं कि भवन नया बनाए जाए या उन्हें बनाने की परमिशन दी जाए।

### प्लानिंग के तहत निर्माण होगा : महापौर



निगम महापौर रामू रोहरा ने कहा कि बस स्टैंड की जर्जर दुकानें, समस्याएं उनके संज्ञान में हैं। काम्पलेक्स को नया बनाने की प्लानिंग की जाएगी। प्लानिंग के तहत दुकानों को नया बनाया जाएगा। इसके लिए बात चल रही है।

---

## माताजी परमेश्वरी देवी को हरिभूमि परिवार धमतरी ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरिभूमि समाचार पत्र समूह के संस्थापक व हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माताजी परमेश्वरी देवी के निधन पर हरिभूमि कार्यालय धमतरी में दो मिनट का मौन रखा गया। हरिभूमि परिवार ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भगवान से माताजी की आत्मा को भगवान के श्री चरणों में जगह देने के लिए प्रार्थना की। वह कैप्टन रूद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सतपाल और देव सुनम की माता थीं। प्रभावशाली व्यक्तित्व की माताजी हमेशा जरूरतमंदों की मदद करने के लिए तत्पर रहती थीं।

---

**थम नहीं रही मंदिरों में चोरी की घटनाएं**

## फिर हुई शहर के दो मंदिर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अज्ञात चोरों ने मुख्य मार्ग स्थित शहर के दो मंदिर में चोरी की घटना को फिर से अंजाम दिया है। चोरों ने मंदिरों की दानपेटी में रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया है।

शहर व आसपास स्थित मंदिरों में चोरी की लगातार घटनाएं हो रही हैं। पखवाड़े भर में लगभग पांच मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है। शहर के बस स्टैंड में नेशनल हाईवे किनारे काली माता का मंदिर है। शुक्रवार की रात्रि पुजारी सुदेश महाराज मंदिर बंदकर चला गया। शनिवार की सुबह पुजारी मंदिर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला।



भीतर एक और पट है उसका भी ताला टूटा हुआ था। पेटी को चेक करने पर रूपए गायब थे। चोर मंदिर के भीतर ही बैठकर दानपेटी को तोड़ राशि की चोरी कर ले गया।



शुक्रवार की रात्रि ही चोरी की दूसरी घटना गुजराती कालोनी मोड़ के पास स्थित सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में हुई। चोर ने गेट का ताला तोड़ने की बजाय मंदिर के साइड में लगे ग्रिल से किसी तरह भीतर रखी दानपेटी को खींच लिया। दानपेटी का कुंदा तोड़कर भीतर रखे रूपये की चोरी कर भाग गया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की परछाई कैद हुई है। शनिवार की सुबह पुजारी हर्ष तिवारी पूजा करने के लिए पहुंचा तो उसे भीतर रखी दानपेटी टूटी हुई मिली। घटना की सूचना सिटी कोतवाली को दी गई है।

### चोर मंदिरों को कर रहे टारगेट

चोरी के लिए चोर मंदिर में रखी दानपेटी को टारगेट कर रहे हैं। बीते दिनों रत्नाबांधा के मंदिर में चोरी हुई थी। उसके बाद रिसाईपारा के नागेश्वर मंदिर, कुरूद के छग महतारी मंदिर व अब दो मंदिरों में चोरी की घटना हुई है। पुलिस चोर को बेनकाब नहीं कर पाई है।

---

## सिर्री-चिंवरी के बूथों में लगी चौपाल



■ सिर्री मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू ने दी ग्रामीणों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संकल्प सिद्धि कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम सिर्री और चिंवरी के बूथों में चौपाल का आयोजन किया गया। भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों से संवाद कर मोदी शासनकाल के कार्यों की जानकारी दी। श्री साहू ने सरकार की प्रमुख उपलब्धियों जैसे हर घर जल योजना, आयुष्मान भारत, मुफ्त राशन, उज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, अन्न योजना, और किसान सम्मान निधि सहित अनेक योजनाओं की जानकारी साझा की। इस अवसर पर लेखराम सिन्हा, धनेश बंजारे, चुनकेश्वर देवांगन, भारत देवांगन, रामनाथ शर्मा, प्रकाश साहू, पवन सिन्हा, गज्जू पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## नवागांव के एक परिवार ने सनातन धर्म में की वापसी

**साहू समाज ने तिलक, गमछा पहनाकर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नवागांव कंडेल में मतांतरण हो चुके एक साहू परिवार ने घर वापसी की है जिनका साहू समाज ने तिलक लगाकर एवं गमछा पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय तेली महासंगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री लीलाराम साहू ने बताया कि ग्राम नवागांव कंडेल निवासी जितेन्द्र पिता दुकलहाराम साहू विगत कुछ वर्षों से अपने परिवार के साथ अन्य धर्म में चला गया था। शुक्रवार को दंपति जितेन्द्र-एशिका साहू ने सपरिवार हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सत्यनारायण की कथा पूजा कर सनातन धर्म में वापसी की जिनका साहू समाज के पदाधिकारियों ने तिलक, गमछा के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर तेली महासंगठन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री लीलाराम साहू, झिरिया साहू समाज के परिक्षेत्र उपाध्यक्ष रोशनलाल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष देवानंद साहू, सचिव अशोक साहू, उपाध्यक्ष रेखराम साहू, कोषाध्यक्ष अशोक साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

---



## योग भारत की अमूल्य विरासत का प्रतीक : जायसवाल

■ आमदी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय की रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि आत्मा, मन और शरीर के सामंजस्य का विज्ञान है। यह हमें तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है और भारत की अमूल्य विरासत का प्रतीक है। उन्होंने छात्र जीवन में योग के महत्व को भी विस्तार से बताया।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवकों को सूक्ष्म व्यायाम, प्रणायाम में अनुलाम विलोम, भ्रामरी, उद्‌घित, कपालभाति व आसन में पदमासन, वज्रासन, गोमुखासन, हलासन, भुजंगासन का अभ्यास करवाया। इसके पश्चात उन्होंने प्रतिदिन योगाभ्यास करने की शपथ भी दिलाई। इस आयोजन में श्री अटल, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित बोधवानी, सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, प्रयोगशाला तकनीशियन सविता गिलहरे तथा स्वयंसेवक छत्रपाल साहू, तोषण कुमार, हरिकिशन साहू, ईशा, खेमेश्वरी, खुशबू, काम्या, दिव्या पटेल, तुलसी रानी उपस्थित थे।

---

## नेता, अधिकारी, वकील, डॉक्टर, छात्र व शिक्षकों ने किया योगाभ्यास





■ एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य : योग शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक संतुलन का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कुरुद ब्लॉक के शासकीय एवं निजी संस्थानों में हजारों प्रतिभागियों ने योग में हिस्सा लेकर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश दिया। जिसमें नेता, अधिकारी, स्कूली बच्चों व शिक्षकों के साथ योगी प्रेमी जनता की सहभागिता रही। खास बात यह रही कि इसमें महिला प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

21 जून को नगर प्रशासन की ओर से मंगल भवन में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। आरएसएस से जुड़े लोगों ने खेल मैदान में योगासन लगाया। आयुष, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग ने भी अपने निर्धारित स्थानों पर योग कराया। अधिवक्ता संघ ने अदालत परिसर में ही योगाभ्यास किया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं स्कूली बच्चों ने अपने अपने गृहग्राम क्षेत्र के निर्धारित स्थानों पर योग किया। मंगल भवन में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने कहा कि योग का मतलब ही जोड़ना होता है। यह धर्म सम्प्रदाय से उपर एक तरह का विज्ञान है। पीएम मोदी ने इसे विश्व पटल में स्थापित करने का काम किया है। भाजपा नेता कृष्णकांत साहू, तिलोक जैन, पार्षदगण एवं नगर पंचायत के कर्मचारीगण शामिल हुए।

### 419 स्कूलों में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने जोरातराई, सिलौटी व कोर्रा में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेकर योग को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक संतुलन का प्रतीक बताया। योग कार्यक्रम में भीमदेव साहू, चोवाराम साहू आदि ने भाग लिया। कुरुद विकासखंड प्रभारी शिक्षाधिकारी सीके साहू ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार क्षेत्र की 184 शासकीय प्राथमिक शाला,122 माध्यमिक एवं 52 हाई, हायर सेकेण्डरी एवं 61 निजी स्कूलों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित योग गुरुओं ने शिक्षक एवं विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया। खेल मेला मैदान कुरुद में आरएसएस से जुड़े प्रशिक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, निरंजन सिन्हा, मालकराम साहू, सुरेश अग्रवाल, कुलेश्वर चंद्राकर, लोकेश्वर सिन्हा, धनेश्वर निर्मलकर, शशांक कृदत्त ने योग किया।

---

## मरणोपरांत किया गया नेत्रदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुरूद ब्लाक के ग्राम संकरी-सिर्री निवासी गजानंद साहू पिता स्व. हरिदास साहू उम्र 81 वर्ष की मृत्युपरांत उसके परिवार वालों ने उनके नेत्रदान के साथ-साथ देहदान भी किया। नेत्रदान का कार्य डॉ. राजेश सूर्यवंशी जिला अंधत्व नोडल अधिकारी, डॉ. यू.एस. नवरत्न खंड चिकित्साधिकारी कुरूद, डॉ. एन.के. कामड़े चिकित्साधिकारी पीएचसी सिर्री के मार्गदर्शन में गुरूशरण साहू उप नोडल अधिकारी अंधत्व, कीर्तन साहू ओएओ पीएचसी सिर्री, दुलेश ध्रुव ओएसओ पीएचसी कोर्रा व टोमेश्वर भंडारी द्वारा संपन्न कराया गया। नेत्रदान से प्राप्त नेत्र को सुरक्षित अम्बेडकर अस्पताल रायपुर मेकाहारा में पहुंचाया गया। यह जिले का 53वां नेत्रदान है।

## खबर संक्षेप

### पीयूष और पलक का प्रयास में चयन




**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड में अध्ययनरत ग्राम डाभा निवासी पीयूष पिता प्रदीप सिन्हा एवं मगरलोड निवासी पलक देवांगन पिता धनीराम देवांगन का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर गैलेक्सी परिवार ने हर्ष जताया है।

### लाभांशी का नवोदय विद्यालय में चयन



**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह निवासी लाभांशी ध्रुव का नवोदय में चयन हुआ है। लाभांशी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही। खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी रूचि रखती है। उनके पिता दिलीप ध्रुव स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। मां श्रीमती राखी ध्रुव शासकीय स्कूल में शिक्षक हैं।

### सशिमं के प्राचार्य का स्थानांतरण

**धमतरी।** सशिमं के प्राचार्य महेश सपहा का स्थानांतरण प्रांतीय घोष प्रमुख के रुप में बिलासपुर तथा विद्यालय में नये प्राचार्य के रुप में श्रीमती खेमिन साहू दल्लीराजहरा का आगमन हुआ। सभा आयोजित कर वर्तमान एवं पूर्व प्राचार्य का परिचय एवं स्वागत हुआ । राजिम विभाग प्रमुक्ष लक्ष्मणराव मगर धमतरी निवासी की पदोन्नति प्रादेशिक सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर के रुप में हुई है। उनका स्वागत विद्यालय समिति अध्यक्ष शिरोमणि राव घोरपड़े, सचिव कृष्णकुमार रणसिंह ने किया। सभी ने छात्र-छात्रओं को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया।




### योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम हरदिहा साहू समाज भवन में हुआ

# योग से मिलती है शांति, इसे जीवन शैली में करें शामिल : अजय

■ जिले में 3 लाख से ज्यादा लोगों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह से मनाया गया। योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित किया गय।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू के अलावा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार, जिपं सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव के अलावा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी संस्था, छात्र-छात्राए ने सामूहिक योग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, जिसके परिणामस्वरूप पूरे विश्व में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग के मामले में हमारा देश शुरू से ही विश्व गुरू रहा है। योग से शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है।

इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने हरित योग की शपथ भी लोगों को दिलायी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली का आधार योग है, योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के स्कूल, कॉलेज, गांवों, गार्डन, सरोवर किनारे, प्रमुख एवं ऐतिहासिक स्थलों में लगभग 3 लाख से ज्यादा लोगों ने योग किया। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया।

#### योग के विभिन्न आसनों का किया अभ्यास

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों का योगाभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की मुद्रा और उसके स्वास्थ्यगत लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कपालभाति और अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर शांति पाठ किया गया। इस दौरान यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। बीपी, शुगर जांच के साथ दवा दी गई। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण भी किया गया।

#### जिले के सभी विकासखंडों, गांवों में मना योग दिवस

योग दिवस का आयोजन विकासखंडों में भी किया गया, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाए, विद्यार्थी सहित अन्य वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। धमतरी विकासखंड में गंगरेल, नगरी में कर्णेश्वर मंदिर परिसर, मगरलोड में बूटीगढ़ और कुरूद के नगर पंचायत मंगल भवन में योग किया गया।

## मानसून अपडेट : आगामी तीन दिन तक बारिश की संभावना नहीं

**धमतरी।** मानसून आने के बाद भी जिले से वर्षा नदारद है। फिलहाल अगल तीन दिनों तक बारिश होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बिहार और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर है। यह ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। यह धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने के साथ धीरे-धीरे कमजोर हो सकता है। दक्षिण-पश्चिम बिहार और मध्यप्रदेश के मध्य भागों पर समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर कम दबाव वाले क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण के माध्यम से पूर्वोत्तर बंगलादेश से दक्षिण गुजरात तक एक द्रोणिका बनी हुई है। पूर्व-पश्चिम द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से उत्तर-पश्चिम राजस्थान होते हुए मध्य असम तक ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण तक बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। रविवार के लिए चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है।

# व्यक्ति के मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है योग

**शहर के योग प्रशिक्षकों ने योग पर अपनी राय व्यक्त की, अनेक फायदे गिनाए**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



योग जीवन जीने का विज्ञान है। यह हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। योग जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक आदि पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़ है संस्कृत शब्द , जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इससे जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। योग दिवस पर शहर के योग प्रशिक्षकों ने योग करने के विभिन्न लाभ बताए।

### शारीरिक, मानसिक संतुलन के लिए योग आवश्यक

योग प्रशिक्षक शेषनारायण गजेंद्र ने बताया कि व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। वे पिछले 10 साल से लोगों को योग की शिक्षा दे रहे हैं। कैम्पन के माध्यम से योग की बारीकियां बता रहे हैं। योग जीने का एक तरीका भी है। रोज़मर्रा की जिंदगी में अनेक लोग मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं। योग से इनका इलाज संभव है।

### पिछले 20 साल से योग सिखा रहीं

योग प्रशिक्षका सुमिता पंजवानी ने बताया कि पिछली सदी में हठ योग प्रचलित था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब लगातार बढ़ रही है। वे पिछले 20 साल से लोगों को कैम्पेन के माध्यम से योग सिखा रही हैं। योग से मन को शांति मिलती है। बीमारी नजदीक नहीं फटकती। पूरे शरीर में उर्जा का संचार होता है।

### तनाव दूर करने के लिए करें योग

योग टीचर विकास ने बताया कि वे क्लास के माध्यम से लोगों को 10 साल से योग सिखा रहे हैं। पहले योग के साथ हठ योग (जो योग का एक प्रकार है) बहुत प्रसिद्ध और प्रचलित था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब लगातार बढ़ रही है। योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा का एक सफल विकल्प है।

### बुरी आदतों से मिलता है छुटकारा

योग टीचर निकिता धरमगुड़ी पिछले 3 साल से नेहरू गार्डन में शिविर लगाकर लोगों को योग सिखा रही हैं। वह कालेज छात्रा है फिर भी योग के लिए समय निकालती हैं। निकिता का कहना है कि योग बुरी आदतों के प्रभाव को उलट देता है। योग के कई आध्यात्मिक लाभ है। हर व्यक्ति को योग अलग रूप से लाभ पहुंचाता है। योग को अवश्य अपनायें।

### योग से शरीर स्वस्थ रहता है

योग टीचर उत्तरा सिंह गौतम एक सरकारी कर्मचारी हैं। वे 35 साल से लोगों को योग सिखा रही हैं। मकई गार्डन में हर सुबह शिविर लगाकर 80 से 100 लोगों को योग सिखाती हैं। आगे कहा कि लोगों में योग के प्रति रुचि बढ़ रही है। कुछ नियमों का पालन करेंगे तो योग अभ्यास का पूरा लाभ मिलेगा। किसी गुरु के निर्देशन में योग अभ्यास शुरू करें। योग का सही समय सूर्योदय या सूर्यास्त है। योग करने से पहले स्नान ज़रूर करें। योग खाली पेट करें। आरामदायक सूती कपड़े पहनें।

### योग से आत्मा पवित्र रहती है

शहर के अन्य योग टीचर उमा पटेल, संतोषी निम्बाडकर, ममता ठाकुर का कहना है कि योग प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल उपहार है जिसे अपनाकर अपने शरीर, मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। योग करने वाला हमेशा बीमारियों से दूर रहता है । योग से आत्मा पवित्र रहती है मन एकाग्र रहता है। तनाव से मुक्ति मिलती है। योग का इतिहास काफी लंबा है।

# तन-मन की तंदुरुस्ती के लिए योग अपनाएं : प्रीतेश

■ भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य ने कुर्रा में किया योग





**धमतरी।** विश्व योग दिवस दिवस पर भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ग्राम कुर्रा में आयोजित योग शिविर में सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को योग मैट का वितरण किया। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति की गौरवमयी पताका फहराई है। आज पूरा विश्व योग के माध्यम से भारत की आध्यात्मिक चेतना और जीवन शैली से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री के के वन वर्ल्ड वन हेल्थ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। आगे कहा कि आज दूषित खान-पान के कारण व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उसका समुचित निदान योग में है। मन की शुद्धि तथा तन की तंदुरुस्ती के लिए योग करें। मौके पर राजेन्द्र शर्मा पूर्व पार्षद, अमन राव अध्यक्ष रांवा मंडल, मुरारी यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, दमयंती साहू महामंत्री, परमेश्वर साहू, प्रभुराम साहू, भागवत साहू ,धनीराम साहू, बीआर साहू प्राचार्य, होमिता साहू, योग शिक्षक, खम्हन साहू, पितेश टंडन सरपंच, खिलेश्वरी बनपेला, किरण साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# मॉडल स्कूल में योग दिवस, शाला प्रवेश उत्सव व सम्मान समारोह हुआ




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ स्वास्थ्य हमारा सबसे बड़ा साथी है : प्राचार्या सालोमन

मॉडल अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक शाला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, शाला प्रवेश उत्सव एवं विद्यार्थियों का सम्मान समारोह हुआ। वन अर्थ, वन हेल्थ के तहत योग दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया।

प्राचार्या श्रीमती नीता सालोमन ने कहा कि स्वास्थ्य हमारा सबसे बड़ा साथी है। अपने तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग एक बेहतरीन साधन है, इसलिए हम सभी को नियमित रूप से योग अवश्य करना चाहिए। योग हमें एकाग्र बनने में सहायता करता है। इसके पश्चात शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर एवं चॉकलेट वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इस दौरान पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अरणी रॉबर्ट ने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती नीता सालोमन, प्रबंधक अशोक देशमुख, पालकगण व शिक्षकगण उपस्थित थे।



# नर्सिंग महाविद्यालय में योग दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा में छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों द्वारा योग किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संजयलाल ने बताया कि योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पध्दति है जिसमें स्वस्थ मन एवं स्वस्थ शरीर के साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं व स्टाफ की उपस्थिति रही।

# कॉमर्स के पीजी कोर्स के लिए उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जायेगा पत्र

■ कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कन्या महाविद्यालय का किया औचक निरीक्षण

■ खेल मैदान समतलीकरण और अन्य मांगों के प्रस्ताव देने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कन्या महाविद्यालय में संचालित कोर्स, पासआउट होने के बाद विद्यार्थी की प्लेसमेंट या अन्य गतिविधियों की जानकारी भी ली। कामर्स की स्नातकोत्तर कक्षायें शुरू होने की संभावनाएं जोर पकड़ने लगी है। कलेक्टर ने महाविद्यालय की प्राचार्य को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने कहा है। इस प्रस्ताव को कलेक्टर खुद उच्च शिक्षा विभाग को भेजेंगे।

कलेक्टर ने लायब्रेरी की व्यवस्था, खेल गतिविधियों के बारे में भी पूछा। महाविद्यालय के प्राध्यापक ने बताया कि कॉलेज में स्नातक स्तर पर बीएससी, बीकॉम, बीए और स्नातकोत्तर स्तर पर केवल केमिस्ट्री की कक्षायें संचालित हो रही हैं। अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर यहां के विद्यार्थी आगे की पढ़ाई के लिए पीजी कॉलेज में चले जाते हैं अथवा अपना काम शुरू कर लेते है। उन्होंने यह भी बताया कि यहां के बच्चे खेल में रूचि रखते है। हर साल इस महाविद्यालय से 6-7 खिलाड़ी नेशनल लेवल तक पहुंचे। कलेक्टर ने यहां पढ़ने वाली छात्राओं के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा संचालित स्कॉलरशिप योजना की जानकारी दी और इस योजना से अधिक से अधिक छात्राओं को लाभान्वित करने कहा।

इस दौरान कलेक्टर ने लायब्रेरी, कम्प्यूटर लैब और महाविद्यालय के अतिरिक्त भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लायब्रेरी में छात्र-छात्राओं के बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लायब्रेरी में रखी पुस्तकों को विषयवार व्यवस्थित करें और पुरानी अनुपयोगी पुस्तकों को हटाकर छात्र-छात्राओं की रूचि अनुसार पुस्तकें रखे। प्राचार्य ने खेल मैदान समतलीकरण और मेन रोड से कॉलेज पहुंच मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने महाविद्यालय से संबंधित सभी मांगों के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

online Booking:-www.tripuryatra.com


25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
| --- | --- |
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज